# भजमन कृष्ण कन्हईया

तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया ॥
*भजमन कृष्ण कन्हईया, भजमन कृष्ण कन्हईया।
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया।

निस दिन भज, गोपाल प्यारे x॥
मोर मुकुट, पितांबर वारे x॥
*भक्तों के रखवईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया।

अर्जुन के हित, रथ को हाँका x॥
साँवरिया, गिरधारी बाँका x॥
*भारत युद्ध जीतईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया।

भक्त सुदामा, चावल लाए x॥
गले लगाकर, भोग लगाए x॥
*कह कह के भईया भईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया।

नरसी जी ने, टेर लगायी x॥
साँवल शाह नहीं, देर लगायी x॥
*ऐसे भात भरईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया।

संकट से, प्रह्लाद उभारो x॥
खम्ब फाड़, हरिण्यकश्प मारो x॥
*नरसिह रूप धरईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया।

जल डूबत, गजराज पुकारा x॥
मैं हूँ भगवन, दास तुम्हारा x॥
*पहुँचे गरुड़ चड़ईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया।

अबला को दे, शरण ना कोई x॥
भरी सभा में, द्रोपती रोई x॥
*पहुंचे चीर बढ़ईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया।

द्रुपत सुता, दुष्टो ने घेरी x॥
आए नाथ, करी ना देरी x॥
*भगतन के दुःख हरईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,

तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया ।

वन में एक, शिला थी भारी xll
चरण छुवाऐ, अहिल्या तारी xll
*ऐसे स्वर्ग पठईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया ।

दीनानाथ, सर्व हितकारी xll
संकट मोचन, कृष्ण मुरारी xll
*भक्तों की पत्त रखवईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया ।

बाल कृष्ण, गोपाल हमारो xll
बृज वासिन को, प्राण प्यारो xll
*नन्द महल को छईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया ।

मीरा कहे प्रभु, गिरिधर नागर xll
सूर कहे मेरा, नटवर नागर xll
*घट घट वास करईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया ।

ग्वाल बाल संग, धेनु चरावे xll
लूट लूट दहीं, माखन खावे xll
*चमत्कार करवईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया ।

गोपियन के संग, रास रचायो xll
काम देव याने मार भगाओ xll
*कालियन नाग नचईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया ।

स्वास स्वांस भज, नन्द दुलारे xll
वो ही बिगड़े, काज सवारे xll
*नटवर चतुर रिझईया, तूँ भजमन कृष्ण कन्हईया,
तेरी पार करें वोह नईया, भजमन कृष्ण कन्हईया ।
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14766/title/bhajman-krishan-kanahiyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |